## खबर संक्षेप

### नामांकन निरस्त करने को बताया साजिश

**कटनी।** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम खंपरिया द्वारा कहा गया है कि खजुराहो लोकसभा में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी मीरा दीपक यादव का नामांकन फॉर्म, निर्वाचन आयोग के नियम विरुद्ध खारिज़ करना एक सुनियोजित साजिश है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दवाब में आकर नामांकन पत्र निरस्त किया गया है। कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि निर्वाचन अधिकारी ने सीधे तौर पर भाजपा को जॉइन न कर उसे बाहर से समर्थन दिया है, जो भारतीय संविधान और लोकतंत्र की हत्या का परोक्ष प्रमाण होकर संवैधानिक व्यवस्था के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। लिहाजा निर्वाचन अधिकारी को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए।

### ईवीएम मशीनों की सीलिंग एवं कमीशनिंग कार्य 10 अप्रैल को

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग एवं सीलिंग हेतु जारी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। बेल इंजीनियर्स द्वारा कमीशनिंग कार्यवाही हेतु 9 अप्रैल को उपस्थित होनें के कारण पूर्व में जारी कार्यक्रमों को संशोधित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नें ईवीएम की कमीशनिंग कार्यवाही हेतु संशोधित आदेश जारी कर राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से इस दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है। शहडोल लोकसभा क्षेत्र के लिए संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक बेल इंजीनियर्स की उपस्थिति मे ईवीएम सीलिंग व कमीशनिंग का कार्य 10 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से किया जायेगा। जबकि 12 अप्रैल को कमीशनिंग की कार्यवाही उपरांत माकपोल की कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक यहां 15 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से द्वितीय रेण्डमाईजेशन और मतदान केन्द्रवार पेयरिंग की जायेगी जबकि 16 अप्रैल को बेल इंजीनियर्स की उपस्थिति में ईवीएम सीलिंग व कमीशनिंग होगी। 21 अप्रैल को कमीशनिंग के कार्य के बाद माकपोल किया जायेगा।

### सामग्री वितरण में संलग्न कर्मचारियों का प्रशिक्षण 8 अप्रैल को

**कटनी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु सामग्री वितरण एवं जमा करनें का प्रशिक्षण 8 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिसमें नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी के साथ संलग्न अधिकारियों कर्मचारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण शिशिर गेमावत ने सामग्री वितरण एवं जमा कार्य में संलग्न अधिकारियों कर्मचारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है।

### स्लीमनाबाद निवासी रंजीता कोल की प्रसव उपरांत रक्त स्त्राव से हुई थी मृत्यु

# लापरवाही बरतने पर डॉ. सीमा शिवहरे एवं शिवम दुबे के विरूद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव संभागायुक्त को भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिला चिकित्सालय में 21 दिसंबर 2023 को प्रसव उपरांत स्लीमनाबाद निवासी श्रीमती रंजीता कोल के इलाज के मामले मे लापरवाही बरतने से अत्यधिक रक्तस्त्राव की वजह से हुई मृत्यु के लिए डॉक्टर सीमा शिवहरे और डॉ शिवम दुबे के विरूद्ध कार्यवाही करने संभागायुक्त जबलपुर संभाग को पत्र लिखा है। साथ ही शासकीय उप स्वास्थ्य केन्द्र पड़वार की सी.एच.ओ प्रियंका चौधरी के विरूद्ध कार्यवाही करने का प्रस्ताव मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को भेजा है। साथ ही एएनएम विजय लक्ष्मी परस्ते को कलेक्टर ने नोटिस जारी कर 10 दिवस के भ्जीतर अपना पक्ष रखने निर्देशित किया है।

### कलेक्टर ने गठित किया था जांच समिति

कलेक्टर श्री प्रसाद ने रंजीता कोल की प्रसव उपरांत उपचार के दौरान अत्यधिक रक्त स्त्राव से हुई मृत्यु की जांच हेतु बीते साल 21 दिसंबर को ही समिति गठित किया था और समिति ने 22 दिसंबर 2023 को जांच प्रतिवेदन मे लापरवाही बरतने वाले 4 स्वास्थ्य अधिकारियों का उल्लेख किया था। कलेक्टर ने इन सभी को नोटिस जारी किया था।

### इन्हे मिला था नोटिस

कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपचार कार्य मे लापरवाही पर डॉ सीमा शिवहरे स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेडिकल ऑफीसर, डॉ शिवम दुबे, एएनएम पड़वार विजय लक्ष्मी परस्ते और सीएचओ पड़वार प्रियंका चौधरी को नोटिस जारी किया था।

### इन बिंदुओ पर दिया था नोटिस

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा शिवहरे को जारी नोटिस मे उल्लेखित गया था कि प्रसव उपरांत महिला रंजीता कोल की 21 दिसंबर 2023 को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। लेकिन 20 दिसंबर की रात 8:30 बजे जिला चिकित्सालय के मेटरनिटी वार्ड में भर्ती कराने के बाद भी डॉ सीमा शिवहरे द्वारा रंजीता कोल को रात्रि 11:40 बजे पहली बार देखा गया। उस समय ब्लड रिपोर्ट में पीलिया 14.7 मिलीग्राम आया था, जो कि डेंजर लेबल से बहुत ज्यादा था एवं मरीज को सुपर स्पेसिलिटी केयर की जरूरत थी । इस कंडीशन में मरीज को तत्काल मेडिकल कॉलेज रेफर करना चाहिए था, जो कि डॉ शिवहरे द्वारा नहीं किया गया।

इसी प्रकार पी.एच.सी स्लीमनाबाद के मेडिकल आफीसर डॉ शिवम दुबे को कलेक्टर द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस मे कहा गया था कि प्रत्येक ए.एन.सी के दौरान गर्भवती की एक बार मेडिकल आफीसर से जांच कराया जाना आवश्यक था। किंतु प्रसूता रंजीता कोल के मामले में ऐसा नहीं कराया गया। साथ ही रंजीता कोल को स्लीमनाबाद से जिला चिकित्सालय कटनी रिफर किया गया। जबकि ब्लड रिपोर्ट के अनुसार मृतक रंजीता कोल को जिला चिकित्सालय कटनी के बजाय यदि सीधे मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाता तो उपचार के लिए गोल्डन टाईम वेस्ट नहीं होता।

उप स्वास्थ्य केन्द्र पड़वार की सी.एच.ओ प्रियंका चौधरी को जारी कारण बताओ नोटिस मे उल्लेखित किया गया था कि मृतक रंजीता कोल की 5 ए.एन.सी चेकअप हुई है किंतु किसी भी जांच में एम.सी.पी कार्ड में पीलिया, हेपेटाईटिस, एच.आइ.वी, यूरिन जांच और शुगर जांच की प्रविष्टि नहीं हुई है। जिससे मृतक की पीलिया के बारे में पहले से पता हो जाना था। प्रियंका चौधरी द्वारा आधी-अधूरी जांच की गई। जिससे महिला की हाई-रिस्क डायग्नोसिस नहीं हो पाई। हर ए.एन.सी के द्वारा एक बार मेडिकल ऑफिसर से जांच कराया जाना आवश्यक था किंतु नहीं कराया गया। महिला के एएनसी जांच कार्ड मे उसका ब्लउ ग्रुप ओ- पॉजिटिव था तथा रेफर स्लिप में ब्लड ग्रुप ए- पॉजिटिव का उल्लेख किया गया था।

इसी प्रकार ए.एन.एम विजय लक्ष्मी परस्ते उप स्वास्थ्य केन्द पडवार द्वारा भी पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती गई। जिसमें मृतक महिला रंजीता कोल की 5 ए.एन.सी चेकअप किये गए। परंतु किसी भी चेकअप के दौरान एम.सी.पी कार्ड में पीलिया, हेपेटाईटिस, एच.आई.वी, यूरिन जांच और शुगर जांच की प्रविष्टि नहीं हुई। जिससे मृतक की पीलिया जांच के बारे में पहले से पता हो जाना था। आधी-अधूरी जांच होनें से महिला की हाई रिस्क डायग्नोसिस नहीं हो पाई। साथ ही मेडिकल आफीसर से जांच कराया जाना आवश्यक था, जो कि नहीं किया गया।

### जवाब नहीं मिले समाधानकारक

कलेक्टर श्री प्रसाद ने जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब को संतोषजनक और समाधानकारक नहीं मानते हुए सभी चार स्वास्थ्य कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की है।

### वोटर की शंकाओं का समाधान है वीवीपैट मशीन

**कटनी।** लोकसभा चुनाव 2024 में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के साथ-साथ वीवीपैट मशीन का भी उपयोग किया जायेगा। वीवीपैट मशीन के जरिये वोटर जान सकेगा कि उसने जिस उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह का बटन दबाया है, वह उसी के खाते दर्ज हुआ है या नहीं। वोटर के मन में कोई शंका नहीं रहेगी। जैसे ही वोटर अपना वोट बटन दबाकर देगा, वीवीपैट मशीन की विंडो पर यह दिखाई पड़ेगा कि उसका मत किस चुनाव चिन्ह पर दर्ज हुआ है। वीवीपैट (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) एक स्वतंत्र इकाई है, जो कि ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) से जुड़ी रहेगी। जैसे ही वोटर अपना वोट कास्ट करेगा वह पारदर्शी विंडो जो कि वीवीपैट मशीन में लगी है, उससे वह सात सेकंड तक देख सकेगा कि उसने किस अभ्यर्थी, किस चुनाव चिन्ह व किस क्रम में अपना मत दिया है। सात सेकंड के बाद यह स्लिप कटकर मशीन के एक सीलबंद ड्राप बॉक्स में गिर जाएगी। मतदाताओं का भरोसा बढ़ाने के लिये ईवीएम को वीवीपैट से जोड़ा गया है। इससे मतदाताओं को अपना मतदान बिल्कुल सही होने की पुष्टि करने में मदद मिलती है।

**जिलाबदर एवं निगरानी बदमाशों की भी की गई जांच**

# पुलिस अधिकारियों ने की काम्बिंग गश्त 80 स्थायी व गिरफ्तारी वारंटी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की कांबिंग गश्त लगातार जारी है। अचानक रात भर कराई जा रही जांच में बड़ी संख्या में फरार वारंटी पकड़े जा रहे हैं और निगरानी बदमाशों, गुंडा, जिलाबदर के आरोपितों की भी जांच की जा रही है। इसके अलावा अवैध रूप से शराब का विक्रय करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है तो नियमों का पालन न करने पर वाहन चालकों पर भी जुर्माना लगाया जा रहा है।

गुरुवार की रात को पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने जिले भर के राजपत्रित अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों के साथ दो



सैकड़ा जवानों को कांबिंग गश्त में लगाकर जांच कराई। रात भर चली जांच में पुलिस ने जिले में 80 स्थाई व गिरफ्तारी वारंटी पकड़े हैं। इसमें से 48 गिरफ्तारी वारंटी व 32 स्थाई वारंटी शामिल हैं। इसके अलावा गुंडा सूची में शामिल 56 बदमाशों के घरों व ठिकानों पर पहुंचकर पुलिस ने उनकी जांच की, तो जिलाबदर के चार और 45 निगरानी बदमाशों की भी जांच की गई। जेल से रिहा हुए सात लोगों के घरों में भी रात को पुलिस ने पहुंच कर उनकी स्थिति की जानकारी ली। 33 पर की आबकारी एक्ट की कार्रवाईः गश्त के दौरान पुलिस ने अवैध रूप से शराब का विक्रय व परिवहन करने वालों पर भी कार्रवाई की।

पुलिस ने 33 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए। वहीं तीन जुआ-फड़ों पर दबिश देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की। आवारागर्दी करते घूमने वाले 21 लोगों के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की तो 20 प्रकरणों पर धारा 110 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर पुलिस ने बाउंड भरवाया। 49 प्रकरणों में 49 ही लोगों पर धारा 107/116 की कार्रवाई की। पुलिस ने वाहनों को रोककर उनकी भी जांच की और संदिग्धों से पूछताछ की।

**मतदाता जागरूकता के लिए पेंटिंग, चित्रकला प्रतियोगिता**



मतदाता जागरूकता के तहत कलेक्ट्रेट परिसर की जिला पंचायत कटनी की दीवाल में वॉल पेंटिंग, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन पूरे जिले में एक साथ जिला कलेक्टर अवि प्रसाद एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी शिशिर गेमावत के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर कटनी जिले के शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी, शासकीय महाविद्यालय बरही, श्रम धाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कैमोर, कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रीठी, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास स्लीमनाबाद के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए।

# द वाल ऑफ़ डेमोक्रेसी में मतदाता जागरूकता के लिए की गई चित्रकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत द वाल आफ डेमोक्रेसी का आयोजन कर जिला पंचायत कार्यालय की दीवार मे वाल पेंटिंग की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने यहां पहुंचकर शुक्रवार को शानदार चित्रकारी की सराहना की और प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की।

इस प्रतियोगिता का आयोजन मतदाता जागरूकता के तहत कलेक्ट्रेट परिसर की जिला पंचायत कटनी की दीवाल में वॉल पेंटिंग, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन पूरे जिले में एक साथ जिला कलेक्टर श्री अवि प्रसाद एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी श्री शिशिर गेमावत के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर कटनी जिले के शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी, शासकीय महाविद्यालय बरही, श्रम धाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कैमोर, कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रीठी, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास स्लीमनाबाद के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए।

वॉल पेंटिंग के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु आने वाले समय में लोकसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य मत देने हेतु प्रेरित करने वाली चित्रकारी दीवारों में अंकित किये।

निर्णायक मंडल में श्रीमती संस्कृति शर्मा संयुक्त कलेक्टर, श्रीमती ज्योति सिंह महाप्रबंधक उद्योग विभाग, श्रीमती शबाना जिला परियोजना समन्वयक, डॉक्टर चित्रा प्रभात प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीमती वनश्री कुर्वेती, महिला एवं बाल विकास, मृगेंद्र सिंह सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत, डॉक्टर माधुरी गर्ग कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉक्टर रुक्मणी प्रताप सिंह जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कटनी, डॉ धीरज खरे डॉक्टर रीना मिश्रा, डॉक्टर सतीश तिवारी आदि लोगों का सक्रिय सहयोग रहा।

**जिला निर्वाचन अधिकारी की संवेदनशील पहल**

# 1 वर्ष तक के शिशु वाली महिला कर्मियों को मिलेगी निर्वाचन ड्यूटी से रियायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद नें एक साल के छोटे बच्चे वाली शासकीय महिला कर्मचारी और गर्भवती माताओं को चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने की मानवीय एवं संवेदनशील पहल की है । ताकि शिशुओं की परवरिश और देखभाल में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने एक वर्ष तक के बच्चे का अपनी मां के साथ अत्यंत करीबी भावनात्मक लगाव के मद्देनजर धात्री माताओं और गर्भवती माताओं को मानवीय आधार पर चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने की अभिनव पहल की है।

निर्वाचन कार्य हेतु ड्यूटी में



लगाई गई ऐसी महिला कर्मचारी जिनके शिशु की उम्र 1 वर्ष है और गर्भवती माताओं को जिनकी निर्वाचन में ड्यूटी लगी है ।वे महिला लोकसेवक स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट और धात्री महिला अपने शिशु के जन्म प्रमाण-पत्र के साथ आवेदन नोडल अधिकारी मैनपावर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास के कक्ष क्रमांक 81 में प्रस्तुत करें। ऐसी शासकीय महिलाओं को कलेक्टर ने निर्वाचन के दौरान ड्यूटी से मुक्त रखने के निर्देश दिए है। ताकि शिशु की देखभाल में कोई बाधा न हो।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने एक साल के छोटे बच्चे वाली शासकीय महिला कर्मचारी को चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने की मानवीय एवं संवेदनशील पहल की है । मतदान दल में शामिल महिला कर्मचारी को मतदान से एक दिन पूर्व जाना होता है और रात्रि निवास मतदान केन्द्र पर ही करने की स्थिति बनती है। ऐसे में एक वर्ष तक के छोटे शिशु की देखभाल का संकट पैदा हो जाता है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि भावनात्मक रूप से छोटा शिशु मां के सबसे करीब होता है और मां और शिशु के एक दिन के लिए भी अलग-अलग होने से शिशु भावनात्मक रूप से असहज महसूस करता है। छोटे शिशु की देखभाल के लिए मां का शिशु के पास और साथ होना जरूरी है।इसे देखते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने एक साल तक के बच्चों की माताओं को चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने का निर्णय लिया है।

**ड्यूटी से मुक्ति हेतु कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 81 में दें आवेदन**

ऐसी महिला कर्मचारी जिनके शिशु की उम्र 1 वर्ष तक है और शिशु की परवरिश की समस्या के चलते वे लोकसभा निर्वाचन की ड्यूटी नहीं करना चाहती है, वे अपना आवेदन कार्यालय कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 81 में दे सकती है।

### कलेक्टर ने किया किसानों से नरवाई नही जलाने की अपील

# प्रतिबंध के बाद भी नरवाई जलाने पर दर्ज हुई तीसरी प्राथमिकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा नरवाई जलाने के संबंध मे प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी खेत में गेंहू की कटाई के बाद बचे अवशेष को जलाने पर जिले की तीसरी एफ.आई.आर बाहोरीबंद पुलिस थाना में दर्ज की गई।

जिले में शुक्रवार को ग्राम कुआ रैयतवारी में गेंहू अवशेष नरवाई जलाने वाले किसान के विरुद्ध बहोरीबंद पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज की गई। इस तरह नरवाई जलाने के मामले की यह जिले की तीसरी प्राथमिकी है। इसके पहले माधवनगर पुलिस थाना एवं स्लीमनाबाद पुलिस थाना में नरवाई जलानें की एफ.आई.आर दर्ज हो चुकी है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के किसान भाईयों से अपील की है कि वे फसल की कटाई के बाद अवशेष नहीं जलायें। नरवाई जलाने से आस-पास के खेतों में खड़ी फसल को भी आग की चिंगारी से क्षति पहुंचने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा पर्यावरणीय



नजरिये से भूमि की उर्वरा शक्ति भी नष्ट होती है। कलेक्टर ने अपनी अपील मे कहा है कि मृदा उर्वरता बढ़ानें वाले सूक्ष्म जीवाणु आग मे जलकर मर जाते है जिससे उत्पादकता पर असर पडता है। साथ ही आग लगने से जान-माल के खतरे की भी आशंका बनी रहती है।

### पटवारी ने कराई एफआईआर

ग्राम कुआं रैयतवारी मे पटवारी हल्का नंबर 54 स्थित भूमि खसरा नंबर 58 रकबा 6.11 हेक्टेयर के अंश भाग 0.40 हेक्टेयर पर रबी मौसम फसल गेंहू कटाई के उपरांत नरवाई में आग लगाया जाना पाया गया। उक्त भूमि वर्तमान में अन्विता वगैरह पिता भुवनेश्वर दुबे निवासी सिहोरा के नाम दर्ज है। मौका निरीक्षण के दौरान प्लाट में उपस्थित चौकीदार द्वारा उक्त भूमि सिकमी ठेका पर सुरेन्द्र पटेल निवासी जुनवानी सिहोरा द्वारा ली जाकर गेंहू की फसल की कटाई उपरांत नरवाई में आग लगाया जाना पाया गया। इसके बाद इस कृत्य के लिए ग्राम पटवारी अरविंद तिवारी ने थाना बहोरीबंद में पहुंच कर प्राथमिकी दर्ज कराया।

### आदेश का उल्लंघन करने पर हुई एफआईआर

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जान -माल और पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनजर नरवाई में आग लगाने के संबंध में हाल ही में जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर आज शुक्रवार को ग्राम जुनवानी निवासी सुरेन्द्र पटेल के विरुद्ध बहोरीबंद पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### इस धारा में दर्ज हुई प्राथमिकी

बहोरीबंद पुलिस थाना में पटवारी अरविंद तिवारी ने सुरेन्द्र पटेल ग्राम जुनमानी, सिहोरा जबलपुर के विरुद्ध शुक्रवार को भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# निजी विद्यालय प्रबंधन खुले बाजार से सामग्री खरीदनें नहीं कर सकेंगे बाध्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह ने आदेश जारी कर मध्यप्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम 2017 के तहत निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावको को पुस्तके, यूनिफार्म, टाई, जूते, कापी आदि केवल चयनित विकेताओ से क्रय करने तथा छात्र या अभिभावक इन सामग्रियो को खुले बाजार से क्रय करने हेतु औपचारिक अथवा अनौपचारिक रुप से बाध्य न कर सकें इस हेतु जिले मे विकासखंड स्तर पर अशासकीय विद्यालयों की जांच हेतु समिति का गठन किया है।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार विकासखण्ड ढीमरखेड़ा एवं बहोरीबंद अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों की जांच हेतु गठित समिति में एस.एस.मरावी सहायक संचालक, ए.के.झारिया बीईओ, एस.एस परते प्राचार्य, एवं मुकेश पटेल प्रभारी प्राचार्य को नियुक्त किया गया है। जबकि विकासखण्ड कटनी एवं रीठी के अशासकीय विद्यालयों की जांच हेतु गठित समिति में प्राचार्य श्रीमती एम.पी डुगडुग तथा एन.एम.अर्नाल्ड सहित प्रभारी बीईओ अनिल चक्रवर्ती एवं बी.एल रोहित को नियुक्त किया गया है। इसी तरह विकासखण्ड वियजराघवगढ़ एवं बड़वारा अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों की जांच हेतु बीईओ आनन कोरी, प्रभारी बीईओ बी.आर.भगत सहित प्राचार्य सरस्वती मिश्रा एवं अनिल मिश्रा को नियुक्त किया जाकर शासन के नियम एवं निर्देशों के अनुरूप शिकायत एवं संपूर्ण तथ्यों की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए है।

उल्लेखनीय है कि कतिपय स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्यों द्वारा एन.सी.ई.आर.टी., एस.सी.ई.आर.टी. से संबंधित पुस्तको के साथ अन्य प्रकाशको की अधिक मूल्य की पुस्तके एवं अन्य सामग्री कय करने हेतु पालको पर अनुचित दबाव बनाकर विषयवार एन.सी.ई.आर.टी., सी.बी.एस.ई, एस.सी.ई.आर.टी की मुद्रित व निर्धारित पाठ्यक्रम की पाठ्य पुस्तको के स्थान पर अन्य प्रकाशको की पाठ्य पुस्तकों का चयन कर अभिभावको को दुकान विशेष, निर्धारित स्थान से पाठ्य पुस्तको व अन्य शैक्षिक सामग्री एवं युनिफार्म कय करने हेतु प्रत्यक्ष,अप्रत्यक्ष रुप से बाध्य किया जा रहा है। जिसपर अंकुश लगानें हेतु शासन निर्देशों के परिपालन में विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले अशासकीय विद्यालयो की जांच हेतु निम्नानुसार समिति का गठन किया गया है।

## खबर संक्षेप

### दीवर लेखन कर मतदान करने जागरूकता संदेश

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले भर में आयोजित की जा रही मतदाता जागरूकता गतिविधियों के तहत मानव जीवन विकास समिति बिजौरी के संचालक निर्भय सिंह के मार्गदर्शन में बिजौरी, ठुठिया आदि ग्रामों की दीवारों में ग्रामीणों को मतदान हेतु प्रेरित और प्रोत्साहित करने से संबंधित नारा लेखन किया गया है।इसी प्रकार बहोरीबंद मे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक अरविंद शाह के मार्गदर्शन में दीवार लेखन कार्य ग्राम सिमरापठी, खडगवां, सिंदूरसी और सिजहरी में किया गया। दीवार लेखन के कार्य में नवांकुर संस्था, पर्यावरण संरक्षण समिति पटना एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।

### छात्रावास में प्रशिक्षणार्थियों को मिल रही सुविधा

**कटनी।** शासकीय आई.टी.आई के प्राचार्य ने बताया कि आईटीआई बरही के बने भवन में बालक एवं बालिका छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान मे यहां 10 प्रशिक्षणार्थी बालक छात्रावास मे रह रहे है। प्राचार्य ने बताया कि छात्रावास मे प्रवेश हेतु प्रशिक्षणार्थियों से आवेदन प्राप्त होने के बाद छात्रावास की सुविधा संस्था द्वारा प्रदान की जाती है। संस्था के प्रांगण में दो हाई मास्ट लगे है जिनसे पूरे परिसर मे रोशनी रहती है। बीच में कुछ दिनों के लिए तकनीकी खराबी की वजह से हाई मास्ट बिगड गये थे लेकिन वर्तमान में इन दोनों हाईमास्ट को ठीक कर दिया गया है और रात्रि के समय भी संस्था परिसर हाई मास्ट की रोशनी के जगमगाता रहता है।

### बाड़ी में लगी आग खेतों की बढ़ा, सूझबूझ से बुझाई



**बरही।** खितौली चौकी क्षेत्र के ग्राम बरमानी में रामलाल सिंह गोंड़ के खेत की बाड़ी में अचानक आग लग गई। आग बढ़ते बढ़ते बड़ा रुप लेने लगी। बगल में खड़ी गेहूं की फसल की ओर बढ़ने लगी तथा खेत में रखी लकड़ी के ढेर में आग पकड़ ली। किसान ने आनन फानन तत्काल खितौली पुलिस चौकी को सूचना दिया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी केके पटेल आरक्षक अंकित बड़गैया के साथ घटना स्थल पहुंचे और पंप चालू करवा कर आग को स्वयं बुझवाया तब कहीं आग कंट्रोल हुई नहीं तो बड़ा नुक़सान होता। गेहूं की फ़सल पकी खड़ी थी एवं कटाई चल रही है। किसान के परिजनों व गांव के लोगों ने पुलिस की सराहना की।

### ईद-उल-फित्र के पूर्व हो वेतन का हो भुगतान

**कटनी।** शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने बताया कि पांच अप्रैल बीत जाने तक शिक्षकों को मार्च पैड अप्रैल 2024 के मासिक वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है। क्योंकि मार्च के माह में शिक्षकों को जो वेतन प्राप्त हुआ था, वह आयकर लग जाने के कारण वैसे भी बहुत कम मिला था और 11 अप्रैल 2024 को ईद का पवित्र त्यौहार है, जिसका कि मुस्लिम संप्रदाय के हमारे साथियों के लिए विशेष महत्व है। शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन भोपाल, आयुक्त लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल एवं आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल को पत्र लिखा कि होना तो ये चाहिए था कि शासन एवं विभाग की ओर से स्वयं पहल होती और यह निर्देश जारी होते कि ईद जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए किसी भी विभाग के शासकीय कर्मचारी का वेतन अप्रैल के प्रथम सप्ताह में हो जावे परन्तु अभी तक ऐसा न हो सकने के कारण ही मध्यप्रदेश में शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने के नाते शासकीय शिक्षक संगठन का वरिष्ठ अधिकारियों से विनम्र अनुरोध है कि स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों का 11 अप्रैल ईद-उल-फित्र के अवसर पर मार्च पैड अप्रैल 2024 के मासिक वेतन का भुगतान 08 अप्रैल तक अनिवार्यतः करने के निर्देश जारी किये जावें।

### निर्वाचन कार्य निर्वहन में उदासीनता अनुशासनहीनता का द्योतक

# गैरहाजिरी पड़ गई भारी, कलेक्टर ने 27 कर्मचारियों को किया नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 21 मार्च से 23 मार्च तक जिले के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में आयोजित प्रशिक्षण में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 27 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। जारी नोटिस में कहा गया है कि पूर्व सूचना के उपरांत भी प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं रहना पदीय दायित्वों और निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के निर्वहन में अनुशासनहीनता का द्योतक है। क्यों न आपके विरुद्ध निर्वाचन कार्य में उदासीनता बरतने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 28 (क) 134 (क) के प्रावधानों के अनुरुप कार्यवाही की जाये।

#### इन्हे जारी हुआ नोटिस

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिन 27 कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है। उनमें शिवकुमारी पाण्डेय ग्रामीण उद्यान विस्तार परियोजना अधिकारी, विकास कुमार जैन जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, उर्मिला हरदिया पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास , राजकुमार बैरागी मैनेजर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अतुल कुमार नायक स्टोर कीपर आयुध निर्माण कटनी, राहुल कुमार कार्यपालक सहायक आयुक्त केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा विभाग, राजेश कुमार यादव अनुरेखक भू- अभिलेख, संजय सिंह प्राथमिक शिक्षक बिलहरी, उषा तार्म्रकार सहायक शिक्षक बिलहरी, शेष कुमार उसरेटे सहायक ग्रेड -3 जनपद पंचायत बड़वारा, किशन सिंह मरावी सहायक शिक्षक अनुदान प्राप्त विद्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, गर्वित जोशी सहायक ग्रेड -3 भारतीय खाद्य निगम, गोविंद प्रसाद धानुक भृत्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झिन्ना पिपरिया, गोविंद सिह गौंड सहायक प्रबंधक सेट्रल बैंक ऑफ इंडिया, अभिजीत तिवारी भृत्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला बड़वारा, मधु उपाध्याय क्लर्क स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शामिल है।

इसके अतिरिक्त कृष्ण राव हरिखेडे संविदा हैण्डपंप टेक्नीशियन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, अमर सिंह ऐमा ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी उप संचालक किसन कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, प्रणीत कुमार चतुर्वेदी सहायक गेड-3 कार्यालय यंत्री लोकनिर्माण विभाग, संतोष द्विवेदी उपयंत्री जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा, राजवेन्द्र बागरी बीटीएम उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, दशरथ नागेश्वर प्राथमिक शिक्षा शाला माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद, शिवकुमार चौधरी अधीक्षक क्षेत्रीय प्रबंधक, रमशीला राणे प्राथमिक शिक्षा शाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहरूआ, वीरेन्द्र सिंह लेखापाल संविदा जनपद शिक्षा केन्द्र, आकांक्षा सेमुअल, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1, नीरज केरकेट्टा सहायक प्रबंधक सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शामिल है।

#### कार्यपालन यंत्री को शोकाज

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के स्थानांतरित हैंडपंप टैक्नीशियन का नाम सी.ई.एम.एस पोर्टल पर दर्ज कर जानकारी फ्रीज करने तथा प्रशिक्षण उपरांत अनुपस्थित कर्मचारी से दूरभाष पर संपर्क करने पर 4 वर्ष पूर्व बालाघाट स्थानांतरण होने की जानकारी देने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड कटनी के कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस मे कार्यपालन यंत्री के उक्त कृत्य को घोर लापरवाही मानते हुए 3 दिवस में लिखित रूप से जवाब नोडल अधिकारी मैनपावर मैनेजमेंट में प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया है। स्पष्टीकरण समयसीमा में प्राप्त न होनें अथवा समाधानकारक न होने पर संबंधित के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में वर्णित प्रावधान के तहत अनुशासनात्क कार्यवाही करने का लेख किया गया है।



## विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शिकागो पब्लिक विद्यालय का स्थानीय परीक्षा का वार्षिक परिणाम, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम के आधार पर छात्रों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निम्नलिखित मेघावी छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर उसका सम्मान किया गया। कक्षा नर्सरी मे प्रथम प्राची आहूजा, द्वितीय पूर्वी सेन, तृतीय स्थान अर्पिता गौतम ने प्राप्त किया। कक्षा केजी 1 मे तनिशा देवानी प्रथम, लक्ष्मी लधानी द्वितीय, विवेक लधानी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा केजी 2 में उमंग ममतानी प्रथम, आर्या बर्मन द्वितीय, विराजसेन तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पहली में प्रथम नव्या माटानी, रियांश गुरुवानी द्वितीय व कार्तिक लालवानी तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा दूसरी मे मीत शीतलानी प्रथम, नव्या तिवारी द्वितीय और रोहन नांरग तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी मे तमन्ना ममतानी प्रथम, श्रहिट पटेल द्वितीय एवमं आकृति श्रीवास्तव तृतीय रही। कक्षा चौथी मे आदित्य भागवानी प्रथम, जाहनवी चांदवानी द्वितीय और कृष्णा शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छठवीं की पलक पोपटानी प्रथम, आरुषी विश्वकर्मा द्वितीय तथा दीपिका बर्मन तृतीय स्थान पर रही। कक्षा सातवी में मन्नत पृथ्यानी और दीपांशी जोतवानी प्रथम, सेजल विश्वकर्मा द्वितीय और सुहाना रोहरा तृतीय स्थान पर रही।

कक्षा नवमी मे नीति मूलवानी प्रथम, वंशिका नागवानी द्वितीय एवम् जया झामनानी तृतीय रही। कक्षा ग्यारहवी में खुशबू नागवानी प्रथम, सौम्या मोटवानी द्वितीय तथा दिशा मूलवानी तृतीय स्थान पर रहते हुए सम्मानित हुई।

## जंगल में बिछी थी जुआ की बिसात, पुलिस ने दबिश देकर किया गिरफ्तार

*पांच मोटर साइकिल सहित 16 हजार से अधिक की नकदी जब्त*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा पुलिस ने देर रात मझगवां के जंगल में छापामार कार्यवाही को अंजाम देते हुए कटनी निवासी 7 जुआडियों को जुआ खेलते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जुआरियों के पास से पांच मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। मोटरसाइकिल के जरिए जुआड़ी जंगल में जुआ खेलने पहुंचे थे। पुलिस ने 16 हजार 600 रुपए नगदी सहित 7 जुआरियों से पांच मोटरसाइकिल जप्त करते हुए 6 लाख 35 हजार रुपए का सामान बरामद किया है।

#### मामला किया पंजीबद्ध

कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए बड़वारा थाना प्रभारी किशोर



कुमार द्विवेदी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व हेडक्वाटर डीएसपी उमराव सिंह के निर्देशन में 4 अप्रैल को बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम मझगवा के जंगल में कुछ जुगाड़ियों को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया। पकड़े गए जुआड़ियों से कुल 16 हजार 6 सौ रुपए नकद एवं 5 मोटर साइकिल कुल कीमती 6 लाख 35 हजार की जप्त की गई। पकड़े गए जुआड़ियो के विरुद्ध थाना बड़वारा में 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

#### इनको पकड़ा गया

पकड़े गए जुआरियो में मोहम्मद कलाम पिता शरीफ कुरैशी 43 वर्ष निवासी मिशन चौक कोतवाली, रामू पिता समाई निषाद 42 साल निवासी आधारकाप, राजेश प्रताप दुखी लाल पटेल 42 साल निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड कटनी, बृजेंद्र बृजेश पिता कंदीलाल पुरोहित 57 साल निवासी कुठला, सुगम पिता शिवप्रकाश शिवहरे 25 साल निवासी केलवारा फाटक, मिथुन निषाद पिता चेतराम निषाद 39 वर्ष निवासी दुर्गा चौक एवं बट्टू लाल पिता मुकाऊ यादव 38 साल निवासी रूपोंद शामिल हैं। उपरोक्त सभी जुआड़ी कटनी शहर से जुआ खेलने के लिए जंगल में गए थे।

### बैठक में कमीशनिंग कार्य की दी विस्तृत जानकारी



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद की अध्यक्षता में राजनैनिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की जाकर उन्हे ईवीएम एवं व्हीव्ही पीएटी की कमीशनिंग कार्य की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, एस.डी.एम कटनी प्रदीप मिश्रा सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की मौजूदगी रहीं।

## दीवारों में नारे और स्लोगन लिख मतदाताओं को कर रहे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

आगामी 19 अप्रैल को शहडोल लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है।लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सदस्यों द्वारा

सार्वजनिक स्थलों पर दीवारों पर नारे एवं स्लोगन लिखकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए स्कूलों तथा कॉलेजों में भी नए मतदाताओं को मताधिकार का महत्व बताते हुए मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मेहंदी, रंगोली,पोस्टर प्रतियोगिता और रैलियों के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है।

जन अभियान परिषद जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल के निर्देशन और विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के अलावा सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं व परामर्शदाताओं के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता को लेकर दीवार लेखन किया जा रहा है। ढीमरखेड़ा विकासखंड में ढीमरखेड़ा, उमरियापान, सिलौंडी,खमतरा और धरवारा सेक्टर के अंतर्गत उमरियापान, मडेरा,पोंडी खुर्द, मुरवारी, पिपरिया सहलावन,डूंडी, सारंगपुर, गूंडा, सिलौंडी, कोठी,इमलिया, पड़रभटा, सरसवाही,महगवां, टिकरिया, भूला, मंगेला, हरदुआ सहित अन्य गांवों में भी दीवारों पर नारे और स्लोगन लिखकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने मतदान को लेकर कहा कि लोकतंत्र के लिए हमारा मतदान करना बहुत जरूरी है। प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। लोकतंत्र के लिए एक-एक वोट अमूल्य है। आम आदमी के वोट से देश का भविष्य तय होता है। हमारा वोट केवल हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। हम अधिकारों के प्रति तो सजग रहते हैं लेकिन कर्तव्यो के प्रति नहीं। इसलिए जरूरी है कर्तव्य को निभाते हुए मतदान प्रक्रिया में भाग लें।

## कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर एक वोट के महत्व की दी जानकारी

*मतदान प्रक्रिया में शामिल होने लोगों को दिलाई गई शपथ*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के ढीमरखेड़ा अंचल का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान हेतु प्रेरित किया। कलेक्टर ने इस दौरान लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होने वरिष्ठ मतदाताओं को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

कलेक्टर ने ग्राम सिमरिया मे लोगों को भयमुक्त वातावरण में मतदान करने के लिए प्रेरित किया और मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा हमारी यह जिम्मेदारी है कि जिले मे शत- प्रतिशत मतदान हो। कलेक्टर ने सिमरिया मे 88



वर्षीय वरिष्ठ मतदाता नर्मदा प्रसाद शुक्ला, 84 वर्षीय लालमन मिश्रा, 74 वर्षीय सीताराम तिवारी और 72 वर्षीय मुन्नी यादव सहित 73 वर्षीय रामभरोस जोशी को शाल- श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

#### मतदान केन्द्र का निरीक्षण

कलेक्टर ने ग्राम बम्हनी और ढीमरखेड़ा में मतदान केन्द्र मे उपलब्ध शौचालय, पेयजल व्यवस्था और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने ढीमरखेड़ा के कृषक सुविधा केन्द्र की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

#### चुनाव तैयारियों की समीक्षा

कलेक्टर श्री प्रसाद ने एस.डी.एम कार्यालय पहुंचकर शहडोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होने मतदान केन्द्रों मे उपलब्ध सुविधाओं और होम वोटिंग सुविधा प्राप्त वरिष्ठ मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं की व्यवस्था की जानकारी ली । कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों मे पेयजल और प्रसाधन एवं बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान एस.डी.एम ढीमरखेड़ा विंकी सिंह मारे उईके, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता सी.ई.ओ ढीमरखेड़ा यजुवेन्द्र कोरी, जिला प्रबंधक ई गर्वेनेंस सौरभ नामदेव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### खिलाडियों ने मतदान करने व इस हेतु अन्य लोगों को प्रेरित

## मतदाता जागरूकता का संदेश देने क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट की श्रृखला के तहत शुक्रवार 5 अप्रैल को रेल्वे ग्राउंड नई कटनी में रेल्वे विभाग एवं खेल विभाग की टीम तथा पुलिस ग्राउण्ड झिंझरी में वन विभाग एवं व्यापारी एसोसिएशन के मध्य 15-15 ओवर का मैच आयोजित किया गया।

शुक्रवार को दोनों ही मैचों के प्रारंभ होने से पूर्व मैदान पर जिला वनमंडलाधिकारी श्री गौरव शर्मा, श्री डेव्हीड व्यंकटराव, रेल अधिकारी मुफीद खान व जिला खेल अधिकारी विजय भार, सीईओ जनपद पंचायत प्रदीप सिंह, आदेश जैन, धनराज चौधरी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति में टीमों के खिलाड़ियो व उपस्थित दर्शकों ने "सरल प्रक्रिया सुगम मतदान, संकल्प पत्र 2024" के अनुरूप मतदान करने हेतु आम लोगों को प्रेरित करने की शपथ ली।



आयोजित मैच में रेल्वे टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओव्हर में चार विकेट के नुकसान पर शानदार 122 रनों का लक्ष्य खेल विभाग की टीम को दिया। इस दौरान योगेश पटेल के 64 रनों व अमन के 41 रनों का सराहनीय योगदान रहा। रेल्वे के निर्धारित 122 रनों के लक्ष्य का पीछा करनें मैदान में उतरी खेल विभाग की टीम के खिलाडियों को मात्र 59 रन पर ही आलआऊट कर रेल्वे की टीम ने आज का मैच 63 रनों से जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैच में खेल विभाग की टीम के खिलाडी बीरेन्द्र पाण्डेय द्वारा 23 रन, सुनील द्वारा 12 रन व सनिथ द्वारा 11 रनों का योगदान रहा।

#### 9.1 ओवर में ही जीत की दर्ज

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस ग्राउंड झिंझरी मे वन विभाग एवं व्यापारी एसोसिएशन के मध्य आयोजित मैच के दौरान वन विभाग की टीम द्वारा पहले बेटिंग करने का फैसला लिया। पहली पारी खेल रहे वन विभाग के सभी खिलाडी 15 ओवर में 96 रनों में ही आल आऊट हो गई। वहीं जवाबी पारी में व्यापारी एसोसिएशन की टीम के खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 9.1 ओव्हर में 2 विकेट खोकर ही 97 रन बनाकर मैच में शानदार जीत दर्ज कर ली। मैच के दौरान रेल्वे विभाग की टीम की ओर से खेल रहे खिलाडी बालर योगेश पटेल ने बेहतर बालिंग कर 14 रन देकर 3 विकेट झटके वहीं अमन व चंदन ने भी 2-2 विकेट चटकाये। जबकि खेल विभाग कटनी की ओर से खेल रहे खिलडी आजाद ने बेहतर बॉलिंग करते हुए 13 रन देकर 3 विकेट गिराये।

#### आज इन टीमों के मध्य होगा मैच

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 13 अप्रेल तक आयोजित होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत शनिवार को प्रातः 7:30 बजे प्रथम मैच स्वास्थ्य विभाग एवं अधिवक्ता संघ के मध्य फारेस्टर ग्राउण्ड में तथा दूसरा मैच शिक्षा विभाग एवं आर्डिनेंस की टीम के मध्य आर्डिनेंस खेल मैदान में आयोजित किया जाकर मतदाता जागरूकता का संदेश प्रसारित किया जायेगा।

## 4.90 लाख किये जब्त, खानापूर्ति कर लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैमोर पुलिस ने जांच अभियान के दौरान 4 लाख 90 हजार रुपए कैश जब्त करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने बताया कि 4 अप्रैल को आदर्श आचार संहिता के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के पालन में संदिग्ध वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पड़रेही नाके के पास वाहन टीवीएस क्रमांक MP 21 MS 2551 को रोककर चैक किया गया तो वाहन मोटर साइकल वाहन में थैले के अंदर 4 लाख 90 हजार रुपए नगद रखे मिले। वाहन चालक से नाम पता व उक्त राशि के संबंध में पूछने पर उसने अपना नाम ओम प्रकाश सेन पिता फूलचंद सेन उम्र 50वर्ष निवासी नन्हवारा बताया। उसने बताया की वह कुशवाहा



क्रेशर धबैया मोड़ पर कैशियर के पद पर कार्य करता है व उक्त राशि क्रेशर की आज की लेबर पेमेंट करने के लिए जा रहा है। उक्त राशि को राहगीर गवाहानों के समक्ष पंचनामा तैयार कर मौके पर जब्त किया गया। ओम प्रकाश सेन के द्वारा उक्त राशि के संबंध में वैद्य दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत किये गये। दस्तावेजों के सत्यापन पर उक्त जब्त राशि को ओम प्रकाश सेन को हिदायत देकर सुपुर्द किया गया।

**खबर संक्षेप**

## संवीक्षा के बाद 14 अभ्यर्थी मैदान में

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत शुक्रवार को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में पांच अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र रद्द हो जाने के बाद खजुराहो संसदीय क्षेत्र से अब 14 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में शेष रह गये हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी सोमवार, 8 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवारी से नाम वापस ले सकेंगे।

## परमलाल सेन का निधन

**बनवार।** बनवार ग्राम निवासी परमलाल सेन का 62 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार आज ग्राम के मुक्ति धाम में किया गया। अंतिम यात्रा में सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की। बता दें मध्यांचल बैंक बनवार में कार्यरत दीपक सेन के चाचा परमलाल सेन के निधन से पूरे परिवार में शोक व्याप्त है।

### खनिज विभाग व पुलिस विभाग बेखबर, माफियाओं के हौसले बुलंद

# सरेआम दिनदहाड़े व्यारमा नदी से हो रहा रेत का अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

इस दौरान लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते जहां पुलिस प्रशासन व खनिज विभाग के अधिकारी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में व्यस्त हैं वही इन दिनों खनिज माफिया मौके का फायदा उठाकर दिन रात व्यारमा नदी से रेत का अवैध दोहन कर दिनदहाड़े खुलेआम ट्रैक्टर ट्रालियों से नगर में परिवहन कर लाखों के बारे न्यारे कर रहे हैं। वही दिनदहाड़े हो रही रेत की इस चोरी पर खनिज विभाग व पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मौन है। जिसके चलते खनिज माफी या सक्रिय होकर अपना गिरोह बनाकर रेत चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जिसके कारण शासन को लाखों रुपए राजस्व की क्षति उठानी पड़




रही है। दरअसल अनुविभाग के बिजवार गांव से निकली व्यारमा नदी में बिजवार घाट पर प्रतिदिन बड़ी मात्रा में अवैध रेत उत्खनन कर ट्रैक्टर ट्रालियों से रेत परिवहन दिन दहाड़े की जा रही है लेकिन संबधित थाना प्रभारी द्वारा इन अवैध रेट चोरी करने वालों पर लगाम कस पाने में अपनी असमर्थता व्यक्त करते नजर आ रहे हैं। वही खनिज विभाग के अधिकारी भी जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं। उल्लेखनीय है कि अनुविभाग हटा क्षेत्र की जीवनदायिनी कहीं जाने वाली व्यारमा नदी में हो रहे दिन-रात अवैध रेत उत्खनन से उसका अस्तित्व संकट में है। बिजवार घाट पर रेत चोरी करने वाले गिरोह अवैध तरीके से घाट बनाकर सूरज ढलते ही अपने-अपने वाहन को नदियों में उतार कर रेत का अवैध उत्खनन करते आसानी से देखे जा सकते हैं, लेकिन इन गिरोह को न तो पुलिस का भय है और न ही खनिज विभाग का डर है। जिनके द्वारा चोरी की रेत लोड कर सड़कों में ट्रैक्टर फर्राटा मारते नजर आ जाते है लेकिन इन रेत लोड वाहनों की जांच करने जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के किसी भी अधिकारी द्वारा जहमत नहीं उठाई जा रही है जिसके कारण रेत के अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

# जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर छापा

**दमोह।** दमोह जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र में लंबे समय से चल रहा जुआ फड़ पर पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में एव तेन्दूखेड़ा एस डी ओ पी महोदय के मार्गदर्शन में तेजगढ़ पुलिस ने बीती रात हर्रई रिछयाऊ रिचकुड़ी भोरपानी के जंगल में जुआ फड़ पर छापा मारा। तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि जंगल मे जुआ खेले जाने की सूचना मिलने पर रात में छापा मार कार्यवाही की गई।जिसमें 12 जुआरियों को मौके पर पकड़ा गया।साथ हीं कुछ जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए।जुआरियों के कब्जे से 12 मोबाइल लगभग 70हजार कीमती एवं इक्कीस हजार नों सो रुपये नगद,एवं तांस पत्ते जप्त किये गए है।जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।कार्यवाही में उप निरीक्षक अभिषेक पटेल, ए एस आई संजय सिंह, प्रधान आरक्षक रघुराज सिंह, आरक्षक नन्हे भाई, रामनिवास उइके, चैन सिंह, जी आर एस, राजाराम यादव, बलराम शर्मा की अहम भूमिका रही।

## माँ कर्मा जयंती पर हुये विविध कार्यक्रम

**हटा।** उपकाशी हटा मे पापमोचिनी एकादशी दिन शुक्रवार को साहू समाज की आराध्य देवी भक्त प्रवर माँ कर्मा देवी जयंती के उपलक्ष्य में समस्त साहू समाज की उपस्थिती में श्री कौशलाधीश मंदिर में विविध कार्यक्रम संपन्न हुये। सुबह श्री कौशलाधीश भगवान और माँ कर्मा देवी का पूजन,संगीतमय सुंदरकांड,दोपहर हवन और सायं माँ कर्मा देवी जी की भव्य महाआरती के पश्चात पर महाप्रसाद का वितरण किया गया जिसमें समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोगो ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित कर जयंती कार्यक्रम को सफल बनाया।



# मां कर्मा देवी जयंती धूमधाम से मनाई



**दमोह।** साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की 1008 वीं जयंती दमोह जिले में धूमधाम से मनाई गई। दमोह में सुबह आठ बजे से पूजा अर्चना कर साहू धर्मशाला से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। घंटाघर बकोली टाकीज पुराने थाना होते हुए बापिस साहू धर्मशाला पहुंची।शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। डीजे बैंड बाजा की धुन पर युवाओं एवम मातृशक्ति मां कर्मा देवी की भक्ति में झूमते हुए चल रहे थे।शोभायात्रा में भारतीय तेलिक साहू राठौर महासभा जनगणना अभियान के राष्ट्रीय संयोजक सत्येन्द्र साहू,जिलाध्यक्ष संतोष साहू, नगर अध्यक्ष कल्पेश साहू, रितेश साहू,महेश साहू,विक्रम साहू, गया साहू,शिवनारायण साहू,अनुराग साहू, प्रयाग साहू, अनमोल साहू, सौरभ साहू, माखन साहू, लकी साहू, रिंकेश साहू एवम श्रीमति गिरजा साहू पूर्व पार्षद, श्री मति अनीता साहू, रजनी साहू, सहित सभी वरिष्ठ जन एवम सैकडो मातृशक्ति जोश के साथ चल रहे थे।कार्यक्रम के समापन पर बच्चे बचियो को सांस्कृतिक कार्यक्रम के एवम आठवी नोवी दशमी 12वी क्लास में अच्छे अंक प्राप्त लाने पर पुरस्कार एवम सम्मान किया गया। दमोह विधायक जयंत मलैया ने भी पहुंच कर सभी को शुभकामनाए दी।मंच पर गढ़ाकोटा से कमलेश साहू का सम्मान किया गया।सत्येंद्र साहू के द्वारा ने करो क़िताब लिखने पर सम्मान किया गया। अंत में जगन्नाथ का भात रूपी खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया।

# साहू समाज ने मां कर्मा बाई जयंती बडे धूमधाम से मनाई



**हिण्डोरिया।** नगर में साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा बाई जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर सबसे पहले साहू समाज के महिला पुरुष बुजुर्ग बच्चे स्थानीय वार्ड नं. 13 स्थित नन्नी माता दरवार परिसर में एकत्रित हुए। यहां से एक विशाल धार्मिक जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों पर शाम के समय आतिशबाजी,डीजे ,बाजे-गाजे, मां कर्मा बाई जी की सीनरी, अश्व सवार आदि के साथ निकाला गया। उक्त चलित जुलूस का रास्ते में कई जगह स्वागत सत्कार किया गया । अंत में जुलूस का समापन नन्नी माता दरबार में हुआ। जहां पर सामाजिक सशक्तिकरण पर आपसी विमर्श सभा के बाद कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई । एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम मे बडी.संख्या में स्वजातीय बन्धू शामिल रहे।

# विद्युत तारों से निकल रही चिंगारी से झुलस रहे किसानों के सपने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

गेहूं की फसल की कटाई के सीजन में बिजली की लाइनों के तारों से निकल रही चिंगारी में किसानों के सपनों को झुलसा रही है। एक दिन सिंगपुर भाट खमरिया सिमरी जालम तीन गांव पर आगजनी की घटनाएं हुई हैं। जिसमें बिजली लाइन की स्पार्किंग ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी गेहूं की फसल में आग लगने की हुई हैं। कृषि क्षेत्र के लिए लगाई गई बिजली आपूर्ति की लाइनों के तार ढीली होने के कारण उनसे चिंगारियां निकलती रही हैं। ये चिंगारियां गेहूं की फसल में आग का कारण बन रही हैं। किसान वर्ग के सपने होते हैं कि फसल की बिक्री के बाद घर का निर्माण करेंगे, बच्चों की शादी करेंगे या फिर घर में परिजनों के लिए साल भर का अनाज एकत्रित करेंगे। आगजनी की घटनाएं उनके सपनों पर पानी फेर रही हैं। सिंगपुर में किसानों की 30 एकड़ भूमि में गेहूं की फसल जल चुकी है भाट खमरिया में एक किसान प्रह्लाद सिंह लोधी की 5एकड़ की फसल ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से जल गई,सिमरी जालम में सड़क किनारे आबादी क्षेत्र में खलियान के ऊपर से निकली बिजली लाइन के तार ढीले होने से तेज हवाओं के चलते आपस में टकराते ही हुई स्पार्किंग से खलियान में लगी आग से एक दर्जन किसानों की फसल राख हो गई जबकि हर रोज कहीं ना कहीं से गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ रही है। जिससे किसानों की कड़ी मेहनत से उगाई गई गेहूं की फसल आग से स्वाहा हो रही है। इसके पहले कोंडा कला हिनौती ठेंगा पटी सहित अनेक गांव में शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल जल चुकी है। जबेरा जनपद क्षेत्र 188 गांव आते है और मुख्यालय पर एक भी दमकल वाहन नहीं है और ऐसे में आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने के लिए दमकल वाहन की कमी खलती कहीं भी आगजनी की कोई बड़ी घटना हो जाए तो दूसरे स्थानों से ही सहायता लेनी पड़ेगी। जो समय पर नहीं पहुंच पाते हैं और आग से भारी तबाही हो जाती है ।

**मेंटेनेंस का दावा, फिर भी हर साल नही रूकती दुर्घअनायें**

जबेरा नोहटा बनवार विद्युत वितरण केंद्रों के अंतर्गत आने वाले सैकड़ों गांवों खेतो के ऊपर से निकली बिजली लाइन के झूलते तार ट्रांसफार्मर में फैला डोरियों का मकड़जाल से हर साल शॉर्ट सर्किट स्पार्किंग गेंहू की फसलों में आग लगने की घटनाएं घटित होती हैं विभाग एडवाइजरी जारी करके अपनी कर्तव्यों से पल्ला झाड़ लेता है न तो खेतों के ऊपर से निकली बिजली लाइन का न मेंटेनेंस करता है और नाही फसलों को आग से बचाने के लिए कोई सतर्कता बरती जाती है। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह का कहना है 188 गांव के बीच जबेरा जनपद मुख्यालय पर दमकल वाहन नहीं होने की व्यवस्था किसानों के लिए अभिशाप बनी हुई और बिजली विभाग की लापरवाही के चलते खेतों के ऊपर से निकली बिजली लाइन का मेंटीनेश नहीं होने की वजह से शॉर्ट सर्किट स्पार्किंग से 90 फीसदी आग लगने की घटनाएं होती है।

# साहू समाज ने धूमधाम से मनाई भक्तमाता कर्मा की जयंती

**बटियागढ़ ।** बटियागढ़ में साहू समाज की ओर से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मां कर्मा की जयंती मनाई गई। यह आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां कर्मा बाई जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले समाज के लोगों ने मंदिर में एकत्र होकर धार्मिक अनुष्ठान, पूजन-अर्चन किया। उसके बाद दोपहर में गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा में पीले वस्त्रों में सजी महिलाएं सिर पर कलश रखकर शामिल हुई। शोभायात्रा में भगवान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। करीब 1 हजार वर्ष पूर्व विक्रम संवत 1073 ई. में कर्माबाई का जन्म चैत्र मास कृष्ण पक्ष की एकादशी को झांसी उप्र के रहने वाले रामशाह तेल व्यापारी के यहां हुआ था। वह समाज सुधारक,



धर्मात्मा, परोपकारी थे, उनके यहां शुभ नक्षत्र एकादशी को कन्या का जन्म हुआ। विद्वानों ने उसे भगवान का उपासक बताया उनका नाम कर्माबाई रखा गया। भक्त शिरोमणि मां कर्माबाई जयंती पर साहू समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे महिलाओं के साथ साथ बच्चे, बूढ़े और युवाओं ने बढ़ चढ़ कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके साथ ही समाज के लोगों की ओर से भव्य शोभायात्रा एवं कलशयात्रा राम-जानकी मंदिर से नया बाजार होते हुए अंबेडकर तिगड्डा बस स्टैंड, तहसील कार्यालय मुख्य मार्ग से होते हुए सरिया तिगड्डा से मां विंध्यवासिनी और मां हरसिद्धि मंदिर से वापिस राम-जानकी मंदिर में समापन किया। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। चल समारोह एवं भव्य शोभा यात्रा के पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारे के साथ राम-जानकी मंदिर के सामने मां कर्मा बाई मंदिर में समापन हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे, भगत सिंह, बटियागढ़ सरपंच प्रतिनिधि करन सिंह, एम एच क्लब के अध्यक्ष आनंद त्रिवेदी, जगदीश साहू, संतोष साहू, दिनेश साहू, रम्मू साहू, राजू साहू एवं समस्त साहू समाज के साथ अन्य समाज के गणमान्य जन शामिल हुए।

# मां कर्मा देवी की 1008वीं जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समाज की प्रतिभावान छात्राओं को पुरूष्कार, बैण्ड बाजों और डी.जे. पर जमकर झूमे युवक, युवतियां और बच्चे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की 1008वीं रनेह मे 11वीं जयंती हर्षोल्लास, उमंग, उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश दरबार में मां कर्मा की पूजा अर्चना पुजारी सुजान कुसमया जी ने की। इसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो मंदिर मस्जिद चौराहा, आसमानी माता, चण्डी जी मंदिर, वृंदावन बिहारी जू की शाला एवं नया बाजार से बस स्टैण्ड होते हुए कौशलाधीश दरबार पहुंची। शोभायात्रा में सबसे आगे डी.जे. पर नाचते गाते युवक युवतियां इसके बाद मां कर्मा की झांकी, फिर बैण्ड बाजों की टोली के साथ ही भारी संख्या में समाज के महिला और पुरूष चल रहे थे। शोभायात्रा में चल रही मां कर्मा देवी की जगह-जगह पूजा अर्चना की




गई। हिन्दू मुस्लिम भाइयों द्वारा अनेक जगह जलपान, फल फूल की व्यवस्था शोभायात्रा में रही। कौशलाधीश मंदिर में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पं विनय शुक्ला कौशलाधीश मंदिर महंत, सत्येंद्र साहू राष्ट्रीय संयोजक सामाजिक जनगणना भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा, कमलेश साहू प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश तैलिक साहू समाज, लालचंद खटीक विधायक प्रतिनिधि, चंद्रभान पटेल

भाजपा जिला उपाध्यक्ष, डॉ आर के मिश्रा, डॉ रामनारायण कुसमया, संजय साहू एडवोकेट हिंडोरिया, हाकम सिंह सरपंच ग्राम पंचायत रिओंझा, चंदन सिंह, दुर्गेश नायक गढ़ाकोटा, नितिन साहू पत्रकार, सौरभ साहू, माखन साहू, लकी साहू दमोह उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां कर्मा की सामूहिक रूप से आरती की। तत्पचात मंचासीन अतिथियों का स्वागत साहू समाज द्वारा किया गया। समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही समाज की प्रतिभावान छात्राओं रुचि साहू कक्षा 12वीं में 91% अंक एवं शिखा साहू कक्षा 10वीं में 85% अंक पाने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। लालचंद खटीक विधायक प्रतिनिधि ने साहू समाज की एकता देखकर साहू समाज को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मां कर्मा को नमन कर इस आयोजन के लिए रनेह साहू समाज की प्रशंसा की। कमलेश साहू प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश तैलिक साहू समाज ने आराध्य देवी मां कर्मा को नमन कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना कर बच्चों को उत्साहित किया। समाज को एकजुट होने की बात की और इस आयोजन के लिए



साहू समाज के लिए धन्यवाद दिया साथ ही राष्ट्रीय संयोजक सत्येंद्र साहू को उनके द्वारा लिखित बुंदेली पुस्तक 'ने करो' के विमोचन पर ससम्मान बधाई ज्ञापित की। सत्येंद्र साहू राष्ट्रीय संयोजक सामाजिक जनगणना भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा द्वारा सी एन साहू के निर्देशन में मां कर्मा की जीवनगाथा पार आधारित फिल्म मेरी मां कर्मा के रिलीज डेट के साथ ही स्वयं द्वारा लिखित बुंदेली पुस्तक 'ने करो' की जानकारी दी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंतिम चरण में मंचासीन अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह और श्रीफल से किया गया। समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक गजेन्द्र साहू, अभिषेक राज नायक और मानसी नायक द्वारा किया गया। आभार प्रर्दान रनेह साहू समाज अध्यक्ष श्याम नायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने समस्त साहू समाज के साथ ही नयागांव, सकौर, निमरमुण्डा, रमपुरा, पिपरिया, भैंसा, बंधा, सटवा, के सामाजिक बंधुओं की सराहनीय उपस्थिति रही। संपूर्ण शोभा यात्रा के दौरान प्रीति पांडे थाना प्रभारी रनेह हमराही स्टाफ के साथ उपस्थित रही।

# आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में जानकारी प्रकाशित कराई जाये

**दमोह।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों द्वारा उनके आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में जानकारी रिटर्निंग ऑफीसर हैण्डबुक के परिशिष्ट-47 में प्रारूप सी-1 से प्रारूप सी-8 तथा प्रारूप सीए में उल्लेखित फॉर्मेट में प्रकाशित किये जाने के निर्देश है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों से कहा हैं, कि उनके आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध जानकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई तिथियों अनुसार प्रकाशित कराई जाये। प्रथम प्रकाशन-अभ्यर्थिता वापसी तिथि से 04 दिवस के अंदर (08 अप्रैल से 11 अप्रैल के मध्य), द्वितीय प्रकाशन 12 अप्रैल से 15 अप्रैल के मध्य एवं तृतीय प्रकाशन 16 अप्रैल 2024 से प्रचार समाप्ति तक (मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 से 2 दिवस पूर्व 24 अप्रैल 2024 तक)

# पालकों एवं मतदाताओं को दीवार लेखन से शिक्षक कर रहे प्रेरित

**झलौन।** मतदान केंद्र क्रमांक 189 बैरागढ़ एवं शासकीय प्राथमिक शाला बैरागढ़ के बीएलओ एवं शाला प्रभारी भागीरथ प्रसाद पाटकार एवं शिक्षिका सरिता दाहिया द्वारा श्री मान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय जी के नेतृत्व एवं बीआरसी महोदय के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता, एवं सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत चल रहे सत्र 2024-025 में अधिक से अधिक नामांकन कराने के उद्देश्य से दीवार लेखन कर पालकों तथा मतदाताओं को जागरूक किया गया । ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव 2023 में जबेरा विधानसभा के मतदान केंद्र 189 बैरागढ़ में जबेरा विधानसभा क्षेत्र का सबसे अधिक मतदान 94 प्रतिशत रहा था।

# विद्यागुरू के तीन अनमोल रत्नों की संघ सहित कुण्डलपुर में भव्य अगवानी

**निर्यापक श्रमण मुनिश्री योग सागर जी, निर्यापक मुनि श्री नियमसागर जी, निर्यापक मुनि श्री समतासागर जी महाराज का कुंडलपुर में भव्य मंगल प्रवेश भव्य अगवानी के साथ हुआ मंगल मिलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र जैन तीर्थक्षेत्र कुंडलपुर में 16 अप्रैल को आयोजित आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान महोत्सव में शामिल होने के लिए मुनि संघों का निरंतर कुंडलपुर में भव्य मंगल प्रवेश हो रहा है। शुक्रवार को द्वितीय निर्यापक श्रमण मुनि श्री योगसागर जी महाराज ससंघ, तृतीय निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियमसागर जी महाराज ससंघ, पंचम निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ससंघ, मुनिश्री प्रबुद्धसागर जी महाराज, मुनि श्री पवित्रसागर जी महाराज, मुनि श्री धर्मसागर जी महाराज, मुनि श्री भावसागर जी महाराज, मुनि श्री आगम सागर जी महाराज ,मुनि श्री निरापदसागर जी महाराज ,मुनि श्री पुनीत सागर जी महाराज, आर्यिकारत्न श्री पूर्णमति माताजी ,आर्यिका रत्न श्री उपशांतमति माताजी , आर्यिकारत्न श्री सूत्रमति माताजी ससंघ, आर्यिकारत्न श्री साकारमति माताजी ससंघ लगभग 40 पिच्छीयो की भव्य अगवानी कुंडलपुर की पावन धरा पर हुई। गाजे-बाजे के साथ ढोल नगाड़े , दिव्य घोष की सुमधुर ध्वनि के बीच मुनि संघो का पादप्रक्षालन किया गया । कुंडलपुर में पूर्व से विराजित सभी निर्यापक संघों मुनि संघो आर्यिका संघों का वात्सल्य मंगल मिलन हुआ । मुनि संघ आर्यिका संघ सीधे पहाड़ पर स्थित पूज्य बड़े बाबा के मंदिर पहुंचे और पूज्य बड़े बाबा के दर्शन किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण, कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी ,सदस्यगण, महोत्सव समिति के प्रभारी सदस्यगण, कुंडलपुर जैन समाज , ब्रह्मचारीभैया जी, दीदी जी, कुंडलपुर स्टाफ की उपस्थिति रही।

## ज्ञानसागर जी के वियोग में आचार्य श्री ने जो प्रभावना की वैसे ही हम भी करेंगे : मुनि श्री योग सागर जी

**दमोह।** एक साक्षातकार के दौरान पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री योग सागर जी ने कहा कि आचार्य श्री के वियोग से जो दुखी है यह उनके लिये बंध का कारण नहीं है, अपितु यह धर्मध्यान है। गुरू से राग होना धर्मानुराग है, बंध का कारण नहीं है। यह तो अनंत गुनी निर्जरा का कारण है। भगवान आदिनाथ के निर्वाण के भी भरत चक्रवर्ती भी दुखी थे कि अब हमें इतनी पवित्र आत्मा कहा मिलेगी, महावीर भगवान के निर्वाण के बाद गौतम गणधर भी दुखी हुये लेकिन उन्हे केवलज्ञान हुआ। यानि उनका रोग कल्याण के लिये था, गुरू के उपकार के प्रति था। स्व के लिये रोना आर्तध्यान है, गुरू के वियोग में दुखी होना धर्मध्यान है, जीव की धर्मवृत्ति का सूचक है। आगामी 16 तारीख को होने वाले महामहोत्सव में नये आचार्य महाराज बनेंगे, संघ के कर्तव्यो दायित्वों का निर्वहन करेंगे, व शिक्षा दीक्षा देंगे। यह एक प्रकार से शपथ ग्रहण के रूप में आप देख सकेंगे। समस्त संघ आचार्य महाराज के प्रति भावना भायेंगे कि आप हमारे कर्मधारक है, हम आपको आचार्य मानेंगे। जिस प्रकार गुरू महाराज ने प्रभावना की ऐसे ही आप धर्म की प्रभावना करेंगे। उन्होने पूरे संघ के लिये संदेश दिया कि आचार्य महाराज के सामने हम लोगो ने जो व्रत आदि लिये है उसको निर्दोष रूप से पालन करना ही हमारा कर्तव्य है, विनयांजलि है। संसार में वियोग और संयोग होते है। ज्ञानसागर के वियोग में आचार्य श्री ने जो प्रभावना की उसी प्रकार हम भी उनके वियोग में प्रभावना करेंगे। हमारा जीवन केवल प्रदर्शन के लिये, दर्शन के लिये है। हमारा जीवन जितना भी है, अंतिम तक व्रतो पालन करने की प्रतिज्ञा करें यही संघ के प्रति सदभावना है।

## कुण्डलपुर से 40 किमी दूर मुनि समय सागर जी

**दमोह।** महासमाधिधारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनि श्री समय सागर जी महाराज का कुण्डलपुर की ओर विहार चल रहा है। एक ओर जहां पूरा संघ कुण्डलपुर में उनकी अगवानी के लिये प्रतीक्षारत है तो वहीं दूसरी ओर रास्ते रास्ते में जहां जहां भी गुरूदेव के चरण पड़ रहे है वहां भक्तों को हुजूम उमड़ रहा है। शुक्रवार सुबह मुनि संघ का विहार रंजरा से पिपरिया की ओर हुआ जहां उनकी आहारचर्या संपन्न हुई। इसके पश्चात दोपहर में बांदकपुर की ओर मंगल विहार हुआ। बांदकपुर में मुनि श्री समय सागर जी सहित सभी मुनिराजों की भव्य अगवानी जैन समाज द्वारा की गई। उन्होने पहुंचकर मंदिर के दर्शन के पश्चात सभी भक्तों को दर्शन दिये व भक्तो ने मंगल आरती की। आज की आहार चर्या बांदकपुर में होगी। उल्लेखनी है कि मुनि श्री समय सागर जी अब कुण्डलपुर से 40 किमी दूर स्थित है, उनकी कुण्डलपुर में भव्य अगवानी की तैयारियां क्षेत्र कमेटी व श्रद्धालुओं की ओर से की गई है। मुनि श्री के कुण्डलपुर प्रवेश के बाद ही आगामी 16 अप्रैल को होने वाले आचार्य पद पदारोहण महोत्सव को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जायेगा।



### पटेरा जैन समाज ने दर्शन कर मांगा पटेरा का प्रवास

पटेरा। सकल दिगंबर जैन पंचायत समिति ने बांदकपुर पहुंचकर निर्यापक मुनि श्री समय सागर जी महाराज के दर्शन कर कुंडलपुर पहुचंने के पूर्व पटेरा नगर में रूकने के लिये श्रीफल अर्पित कर निवेदन किया। समय सागर जी ने सभी को मंगल आशीष प्रदान किया। सभी ने संपूर्ण संघ के दर्शन किये। इस अवसर पर जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष अशोक बड़कुल, महेश सेठ, नरेन्द्र बजाज पत्रकार, राजेन्द्र राही, राजेन्द्र बजाज, नीलेश सराफ, सोनल सिंघई, पंकज जैन, निर्मल जैन, श्रीकांत बडकुल, ज्ञानी जैन, मुकेश बडकुल, वैभव जैन, नमन बजाज, कविन निशू के साथ ही महिला मंडल एवं बालिका मंडल की सदस्यायें बडी संख्या में शामिल रही। बांदकपुर जैन समाज ने भी पटेरा प्रतिनिधि मंडल का स्वागत किया।

## महोत्सव अधिकारी ने स्थल पर पहुंचकर किया निरीक्षण दिये निर्देश

**दमोह।** आगामी 16 अप्रैल को होने वाले आचार्य पद पदारोहण महोत्सव को लेकर महोत्सव अधिकारी बने असिस्टेंट कमिश्नर पवन जैन ने कुण्डलपुर पहुंचकर चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होने विशेष रूप से वाहन जाम की स्थिति बनने पर वाहन को पार्किंग करने व रोड डायवर्ट बायपास सहित अनेक स्थलों का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसडीओपी हटा नीतेश पटेल, तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा, टीआई अमित मिश्रा, नरेन्द्र बजाज, अभिषेक जैन आरआई, आशीष उस्ताद, राजस्व निरीक्षक, पटवारी मनीष मिश्रा, रामेश्वर पटेल, धर्मेन्द्र चक्रवर्ती सिहत अनेक समितियों के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे। उन्होने कुण्डलपुर में आयोजन समिति के साथ एक बैठक ली व तैयारियों पर चर्चा की।



## खबर संक्षेप

### स्वीप साइकिल संदेश रैली आज

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप साइकिल संदेश रैली का आयोजन आज 06 अप्रैल को उत्कृष्ट विद्यालय में प्रातः 7 बजे रैली के एकत्रीकरण के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी तथा सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा द्वारा रैली को रवाना करके किया जायेगा। रैली उत्कृष्ट विद्यालय से प्रारंभ होकर जेल चौराहा, कीर्ति स्तंभ, घंटाघर, स्टेशन चौराहा, बस स्टैंड होते हुये तहसील ग्राउंड पहुंचने पर रैली का समापन होगा। रैली में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के शहर के सभी शासकीय/अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अपनी साइकिल के साथ भाग लेंगे।

### शांति समिति की बैठक कल

**दमोह।** आगामी पर्व ईद-उल-फितर, अम्बेडकर जयंती, रामनवमी एवं महावीर जयंती पर कानून व्यवस्था के संबंध में शांति समिति की बैठक 07 अप्रैल 2024 को शाम 04 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। पूर्व में यह बैठक 06 अप्रैल को आयोजित की जानी थी। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मीना मसराम ने समस्त संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने के लिये कहा है।

### नेशनल चैंपियनशिप मे खेल शिक्षक प्रीतम सिंह का चयन

**दमोह।** देहरादून में 06 एवं 08 अप्रैल 2024 को आयोजित सीनियर ओपन एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप 10,000 मीटर में शासकीय बालक उच्चातर माध्यमिक विद्यालय हिण्डोरिया के खेल शिक्षक प्रीतम सिंह लोधी का चयन हुआ है। उनके चयन होने पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी वाय.के. कोरी, प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार गर्ग साहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगणों एवं क्षेत्र वासियों ने उन्हें सुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के समस्त कार्यालय खुले रहेंगे

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया समय-सीमा में की जा रही है। निर्वाचन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए आज 06 अप्रैल दिन शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय भवन के समस्त कार्यालय खुले रहेंगे। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने अधीक्षक जिला कार्यालय से कहा है कि इस संबंध में कार्यालय प्रमुखों को सूचित किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

### मडियादौ ग्राम में बड़ी घटना टली

# पुराना थाना में क्वार्टर की छत पर रखे सोलर पैनल में लगी आग


हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ





कस्बे के पुराना थाना में बने एक कमरे की छत पर रखे सोलर पैनल में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग बिकराल हो गई । ग्रामीणों द्वारा सोलर प्लेट के जलने से उठी लपटे और धुआं देखा तो पुलिस और दमकल को सूचना दी। इस दौरान आग की कुछ चिंगारी थाना परिसर के पीछे पड़ी घास फूस लकड़ी पर गिरी और आग ज्यादा भड़क गई। आग लगने की सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर पँहुचे और ग्रामीणों की मदद से घरो से पानी डालकर आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए । कुछ देर बाद हटा नगरपालिका का दमकल वाहन भी मौके पर पंहुचा और आग पूरी तरफ बुझाई गई। आग कैसे लगी इसका कारण अज्ञात है। ग्रामीणों के अनुसार सोलर प्लेट के नीचे आग लगी और धुआं उठता दिखाई दिया था । नीमत रही समय रहते आग नियंत्रण कर ली गई अन्यथा थाना परिसर में रखे वाहन और अन्य सामग्री भी आग की चपेट में आ जाती। इसके अलावा जिस जगह यह हादसा हुआ उसके तीन तरफ रहवासी क्षेत्र और बाजार परिसर है। बता दे की नए थाना भवन बनने के बाद इस परिसर में स्थित अन्य कुछ कमरे में पुलिस कर्मी और 108 सेवा की लोग निवास बनाए हुए है। वही ग्राउंड में अनुपयोगी दो और चार पहिया वाहन भी रखे थे।

# बनांचल पेड़ से टपकने लगे हैं महुआ, ग्रामीणों के आय का बना जरिया



**बनवार।** इन दिनों वनांचल के गांवों में 'पीला सोना' कहे जाने वाले महुआ के पेड़ों महुआ टपकना शुरू हो गया है। ग्रामीण सुबह से ही महुआ का संग्रहण करने खेतों और जंगलों का रुख कर रहे हैं। जंगल के चारों ओर महुआ की मादक खुशबू बिखर रही है,जिससे राहगीर भी आकर्षित हो रहे हैं। आदिवासी बहुल सिग्रामपुर बन परिक्षेत्र देवतरा झाड़ा सुरेखा परस्वाहा खमरिया महुआ खेड़ा माला चोरई कलूमार वनांचल गांव में वनोपज महुआ तैयार हो चुका है। महुआ समेटने के लिए ग्रामीण पूरे परिवार के साथ सुबह से ही जंगलों व खेतों की ओर चले जाते हैं। इस दौरान सुरक्षा के लिए हाथ में लाठी व महुआ रखने के लिए टोकरी साथ लेकर जाते हैं। सूर्य के चढ़ते ही पेड़ से फूल गिरना कम हो जाता है। अप्रैल माह गर्मी का तेज पड़ते ही महुआ के पेड़ों महुआ टपकना शुरू हो गया हैं। जिसके लिए खेतों में से लेकर बियावान जंगल तक चहल-पहल बढ़ रही है। महुआ की मदमस्त कर देने वाली खुशबू ग्रामीण परिवेश के जीवन में बहार लेकर आई है।वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण परिवार के लिए महुआ आज भी जीवन का आधार है। वे इसे सूखाकर घर में रख लेते हैं। इससे नकदी के रूप में बेचते है बाजार में बढ़ती मांग के चलते महुआ आय का एक साधन भी बन गया है। हालांकि जंगल की अंधाधुंध कटाई व खेती की जमीनों का विस्तार करने से अब महुआ के पेड़ कम ही बचे हैं। बीते वर्षों में बाजार में महुआ की मांग बढ़ने से इसके भाव भी तेजी से बढ़े हैं। इसलिए अब किसान भी महुआ को नकद फसल के रूप में देखने लगे हैं। इस समय गांवों में किसान धान-गेहूं की फसल के साथ ही महुआ के फूल बीनने में जुट गए हैं। बाजार में इसके अच्छे दाम मिलते हैं। बीते वर्ष महुआ 3000 रूपये प्रति क्विंटल के रेट में विक्रय हो चुका था इस वर्ष मौसम खराब होने के वावजूद अच्छी गर्मी बढ़ने के चलते वनोपज महुआ की फसल अच्छी होने की संभावना है।

## गर्मी ने किया हलाकान, 40 डिग्री से ऊपर पहुंचा तापमान

**लू के प्रकोप से बचाव के लिये विशेष सावधानी बरतने की अपील**

**दमोह।** अप्रैल की शुरूआत के साथ ही तीव्र तपन व लू के थपेड़ो से आम जनमानस हलाकान है। सुबह से लेकर शाम तक आसमान से बरसती ज्वाला से बचने के लिये लोग तरह तरह के उपायो में लगे हुये है। घरो में एसी कूला से निकलने में लोग कतराने लगे है। प्रदेश में मौसम विभाग के आंकडो में दमोह भी 40 से अधिक तापमान वाले शहरों में शामिल है। गुरूवार को जिले में सर्वाधिक तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री दर्ज किया गया। यह पहली बार नहीं है, इसके पूर्व मार्च माह में भी कई बार 40 डिग्री से अधिक तापमान दर्ज किया गया था। गर्मी को देखते हुये स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगो विशेष सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। भारतीय मौसम विभाग ने चल रहे मौसमी दृष्टिकोण को देखते हुए प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत में अप्रैल-मई-2024 का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना व्यक्त की है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू (तापघात) की स्थिति निर्मित हो सकती है। मौसम विभाग ने लू के प्रभाव, लक्षण और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी है।

### प्रेक्षक द्वय ने ली नोडल अधिकारियों की बैठकः दढ़ता से विनम्रतापूर्वक काम करें-व्यय प्रेक्षक श्री कनथेती

# ट्रेनिंग पर फोकस रहे, ट्रेनिंग के बाद टेस्ट लिया जाये-सामान्य प्रेक्षक श्री राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ



हम ट्रेनिंग पर फोकस करें, कम्युनिकेट करें, टीम को मोबाईल पर मैसेज करते रहें इसके साथ ही व्हाट्सएप पर भी मैसेज देते रहें, मॉक पोल आदि पर साथ ही अन्य संबंधित विषयों पर विशेष कर जो फर्स्ट टाइम मतदान ड्यूटी वाले हैं, उन पर कंसंट्रेट रहे, प्रशिक्षण के बाद टेस्ट भी लिया जाए। यह बात जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सीरम संबाशिवा राव ने नोडल अधिकारियों की आयोजित बैठक में कहीं। इस अवसर पर व्यय प्रेक्षक विनय कुमार कनथेती, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम विशेष रूप से मौजूद रहे। सामान्य प्रेक्षक सीरम संबाशिवा राव ने नोडल अधिकारियों से कहा सभी विभाग निर्वाचन आयोग के लिए काम कर रहे हैं, अवसर मिला है, इसे बेहतर तरीके से संपादित करें। उन्होंने प्रशिक्षण के संबंध में चर्चा करते हुए कहा ट्रेनिंग सबसे महत्वपूर्ण है इसे उचित और व्यवस्थित रूप से किया जाए। यदि अच्छी ट्रेनिंग है तो मतदान में कोई समस्या नहीं आएगी। सामान्य प्रेक्षक ने कम्युनिकेशन प्लान पर जानकारी लेते हुए नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सक्षम एप की जानकारी ली साथ ही सी-विजिल एप के बारे में चर्चा करते हुए इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा। इस आयोजित बैठक में व्यय प्रेक्षक विनय कुमार कनथेती ने टीम को कार्य करने के लिए टिप्स देते हुए कहा हम दृढ़ता से परंतु विनम्रता पूर्वक काम करें। उन्होंने फ्लाइंग स्क्वायड नोडल से कहा कि रिस्पांस टाइम निर्धारित समय पर निराकरण हो, यह सुनिश्चित किया जाए। नोडल अधिकारी अपनी टीम से प्रतिदिन रिव्यू करते रहे। उन्होंने मतदान दलों और अन्य प्रशिक्षण के बारे में अहम-दिशा-निर्देश दिए। साथ ही कहां सभी अधिकारी नियम निर्देशों का गहन अध्ययन कर लें। इसके साथ आपने कहा कि कुछ नया कर सकते हैं, निर्वाचन में एक अवसर मिला है उसमें कुछ अच्छा करने का प्रयास करें और अपने अनुभव शेयर करें ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में और किस तरह से और क्या बेहतर किया जा सकता है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की अहम जानकारियां देते हुए अब तक की गई कार्रवाईयो से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गर्मी के हिसाब से प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर छाया, पेयजल आदि मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने पावर पॉइंट के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन संबंधी तैयारी एवं व्यवस्थाओं आदि के संबंध में जानकारी दी। इस आयोजित बैठक में सभी संबंधित नोडल अधिकारियों ने अब तक की गई कार्रवाइयों एवं व्यवस्थाओं से अवगत कराया। बैठक में नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अतिथि शिक्षक बनेंगे विशेष पुलिस अधिकारी

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये प्रदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अतिथि शिक्षकों को विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) के रूप में नियुक्त किया जा सकेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी , मध्यप्रदेश को 28 मार्च को इस आशय की स्वीकृति दे दी गई है। आयोग द्वारा यह स्वीकृति सिर्फ इसी लोकसभा निर्वाचन के लिये दी गई है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पाटनी ने कुंडलपुर में बैठक ली

**कुंडलपुर।** दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में 16 अप्रैल को आयोजित आचार्य पद पदारोहण अनुष्ठान महोत्सव को लेकर एक बैठक कुंडलपुर कार्यालय में महोत्सव के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रेष्ठी अशोक पाटनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में श्री पाटनी के साथ,प्रभात जी मुंबई, कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ, संयोजक वीरेशसेठ , सतना जैन समाज के अध्यक्ष, एडिशनल कमिश्नर पवन जैन, प्रेमचंद प्रेमी कटनी आदि मंचासीन रहे। संयोजक वीरेशसेठ ने बताया 16 अप्रैल के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है । लगभग 400 साधुगण आएंगे। 400 चौकों की व्यवस्था की जा रही है। लाखों की संख्या में आने वाली जनता हेतु व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। अहमदाबाद की कंपनी आवास हेतु कमरा तैयार कर रही है। कुंडलपुर में एवं दमोह में व्यवस्थाएं की जा रही है। एसी कमरे तैयार किये जा रहे हैं। पंडाल ,भोजनशाला नजदीक बनाए जा रहे हैं ।

**न्यायालय सहायक अधीक्षक, नजूल नवकरण जिला-दमोह (म.प्र.)**

**इश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक :- 8/6/3-6/2023-2024
मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 (3) के अंतर्गत सर्व साधारण को इस्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि नजूल शीट नं. नजूल शीट नं. 33 प्लाट नं. 3467/2 रकवा 90 वर्गफुट भूमि पर सहधारक अंगूरी वाई/अभय कुमार जैन साकिन बजरिया वार्ड 5 दमोह दमोह के नाम दर्ज है। आवेदक श्री अभय कुमार जैन/श्री पंचम लाल जैन, मागज वार्ड 1 तह. दमोह जिला दमोह के द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि नजूल शीट नं. 33 प्लाट नं. 3467/2 रकवा 90 वर्गफुट भूमि पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

यदि उपरोक्त प्लॉट पर आवेदक का नामांतरण होने में किसी व्यक्ति या भूमि से हित रखने वाले किसी पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं लिखित अथवा विधिक प्रतिनिधि द्वारा इस न्यायालय में प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 20/4/2024 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जा सकेगी।

इश्तहार आज दिनांक 4/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सहा. अधीक्षक
नजूल नव. दमोह